विद्यालय का नामः..

वार्षिक परीक्षा–2022–23

विषय–सामाजिक विज्ञान	पूर्णांक–80	कक्षा–6	समय–2:30 घण्टे	नामः–....................................

भाग–अ

निर्देशः– सभी प्रश्नों का हल उतर पुस्तिका में लिखों।

–: वस्तुनिष्ठ प्रश्नः– अंक–10X1=10

1. बुद्ध ने अपनी शिक्षा किस भाषा में दी?
(अ) हिन्दी (ब) संस्कृत (स) प्राकृत (द) पालि ( )
2. साँची किस राज्य में स्थित है?
(अ) महाराष्ट्र (ब) गुजरात (स) राजस्थान (द) मध्यप्रदेश ( )
3. बुद्धचरित की रचना किसने की थी?
(अ) कनिष्क (ब) चाणक्य (स) अश्वघोष (द) श्रीसातकर्णी ( )
4. गाँव के एक किसान के खेत का रिकॉर्ड रखता है–
(अ) तहसीलदार (ब) जिला अधिकारी (स) पटवारी (द) सरपंच ( )
5. नगर निगम को पैसा मिलता है–
(अ) गृह कर से (ब) सम्पति कर से (स) मनोरंजन कर से (द) उपर्युक्त सभी से ( )
6. सुधा कहाँ काम करती है–
(अ) ऑफिस में (ब) फैक्ट्री में (स) दुकान में (द) चिकित्सालय में ( )
7. विश्व का सबसे रेगिस्तान कौनसा है?
(अ) कालाहारी (ब) सहारा (स) थार (द) गोबी ( )
8. अरब सागर भारत की किस दिशा में स्थित है?
(अ) पूर्व (ब) पश्चिम (स) उतर (द) दक्षिण ( )
9. बनास किस नदी की सहायक नदी है?
(अ) चम्बल (ब) लूनी (स) बाणगंगा (द) माही ( )
10. 108 निःशुल्क आपातकालीन सेवाएँ सम्बन्धित है–
(अ) शिक्षा सेवा (ब) स्वास्थ्य सेवा (स) संचार सेवा (द) बैंक सेवा ( )

–:रिक्त स्थानों की पूर्ति करोः– अंक–5X1=5

(गोधन की रक्षा, अरब, पाटलिपुत्र, बड़े, छोटे)

11. मौर्य साम्राज्य की राजधानी...............थी।
12. अधिकांश गुहपति............भूस्वामी होते थे।
13. ....किसानों की उपज क बहुत बड़ा भाग बाजार में बेचा जाता है।
14. नर्मदा नदी..............सागर में गिरती है।
15. तेजाजी ने............के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा दी।
16. कॉलम–'अ' में दिये गये शब्दों का मिलान कॉलम– 'ब' से कीजियेः– अंक–1X5=5

कॉलम–अ	कॉलम–ब
(क) यजुर्वेद	(अ) समुन्द्रगुप्त
(ख) हरिषेण	(ब) बंगाल की खाड़ी
(ग) स्तूप	(स) पटवारी
(घ) भूमि का रिकॉर्ड	(द) उतर वैदिक
(ड़) महानदी	(य) टीला

भाग–ब

–:सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैः– अंक–10X2=20

1. वैदिक प्रार्थनाओं की रचना किसने की थी?
2. राजा सिल्क रूप पर अपना नियत्रंण क्यों कायम करना चाहते थे?
3. तीन लेखकों के नाम बताओ जिन्होनें हर्षवर्धन के बारे में लिखा।
4. तहसीलदार का क्या काम होता है?
5. बच्चे यास्मीन खाला के घर पर क्यों गये?
6. पर्वतों के विभिन्न प्रकार कौन–कौनसे है?
7. लक्षद्वीप को प्रवाल द्वीप क्यों कहा जाता है?
8. वायुमण्डल की विभिन्न परतों के नाम लिखिए।
9. पशुपालन से क्या लाभ है?
10. स्वास्थ्य से आप क्या समझते है?

–:कोई पाँच प्रश्नों के उतर दीजिएः– अंक–5X3=15

11. महाजनपद के राजाओं ने किले क्यों बनवायें?
12. जैनधर्म के प्रमुख नियम क्या थे?
13. ग्राम सभा क्या होती है?
14. शेखर बाजार में अपना धान क्यों नहीं बेच पाता?
15. ब्रह्माण्ड क्या है?
16. प्राकृतिक वनस्पति क्या है?
17. चम्बल परियोजना पर लघु निबंध लिखिए।

–:निम्नलिखित प्रश्नों के उतर दीजिएः– अंक–3X5=15

18. भक्ति परम्परा के बारे में आप क्या जानते हैं?

अथवा

स्तूप क्या होते हैं? वर्णन कीजिए।

19. ग्राम सभा और ग्राम पंचायत के बीच क्या फर्क है?

अथवा

सुधा को अपने वेतन के अलावा और कौनसे लाभ मिलते है?

20. पर्वत एवं पठार में क्या अन्तर है?

अथवा

राजस्थान में मनाये जाने वाले निम्न त्योहारों के बारे में लिखिए।
(क) गणगौर (ख) शीतलाष्टमी

21. राजस्थान के मानचित्र में निम्न स्थानों को अंकित कीजिए। अंक–1X10=10
(क) चितौड़गढ़ (ख) चूरू (ग) जयपुर (घ) जोधपुर (ड़) श्रीगंगानगर

अथवा

राजस्थान के मानचित्र में निम्न स्थानों को अंकित कीजिए।
(क) सीकर (ख) अलवर (ग) अजमेर (घ) उदयपुर (ड़) हनुमानगढ़